शीर्ष प्राथमिकता

प्रेषक, संख्या जी0आई0444 /52-1-13-1(102)/13

कृष्ण मोहन त्रिवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश,
620, इन्दिरा भवन, लखनऊ ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनु0-1 **लखनऊ : दिनांक 19 दिसम्बर, 2013**

विषय: अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की दिनांक 12 एवं 13 सितंबर, 2013 को हुई इम्पावर्ड कमेटी की 73वीं बैठक में मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेण्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद महराजगंज में स्वीकृत 02 प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के भवन निर्माण हेतु केन्द्रांश की प्रथम किश्त (50 प्रतिशत) एवं उसके सापेक्षा बनने वाला राज्यांश अवमुक्त करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद महराजगंज के उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को कुल स्वीकृत लागत से करने हेतु **कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, लखनऊ (सी0 एण्ड0 डी0 एस0)** को कार्यदायी संस्था नामित करने एवं अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-3/19(31)/2012-पी0पी0, दिनांक 27-09-2013 से उक्त कार्यो के लिए कुल अनुमोदित केन्द्रांश रू0 16.50 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में प्राप्त केन्द्रांश रू0 8,25,000/-(रू0 आठ लाख पच्चीस हजार मात्र) तथा उसके सापेक्ष बनने वाले कुल राज्यांश का 50 प्रतिशत रू0 2,75,000/-(रू0 दो लाख पचहत्तर हजार मात्र) अर्थात् सम्मिलित रूप से कुल रू0 11,00,000/- (रू0 ग्यारह लाख मात्र) चालू वित्तीय वर्ष में योजना के लिए प्राविधानित बजट रू 4000.00 लाख के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 3848.935 लाख में से अवमुक्त करते हुए आपके निवर्तन पर रखने व व्यय करने की श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(रू0 लाख में)

क	जनपद	योजना		इकाई लागत	कुल अनुमोदित केन्द्रांश	कुल राज्यांश	कुल लागत	अवमुक्त प्रथम किश्त		कुल प्रस्तावित धनराशि
								केन्द्रांश	राज्यांश	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
	महराज गंज	बैसवार (अ.सं; आबादी-28 प्रतिशत) एवं बरैया (अ.सं. आबादी -25 प्रतिशत) में प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण	**02**	**11.00**	**16.50**	**5.50**	**22.00**	**8.25**	**2.75**	**11.00**
						योग=	**22.00**	**8.25**	**2.75**	**11.00**

http://shasanadesh.up.nic.in

1. अवमुक्त की जा रही धनराशि को किसी अन्य मद में व्यय नहीं किया जायेगा। इसे सक्षम स्तर की स्वीकृति, यदि वित्तीय हस्त पुस्तिका तथा बजट मैनुअल नियमों के अन्तर्गत शासन या अन्य अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो, प्राप्त करके ही व्यय किया जाय। धनराशि के व्यय में वित्तीय नियमों का पालन किया जायेगा तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस वित्त पोषित योजना में लगायी गयी शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2 अवमुक्त धनराशि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के माध्यम से कार्यदायी संस्था **कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, लखनऊ (सी0एण्ड0 डी0 एस0)** के निदेशक को हस्तान्तरित की जायेगी। कार्य को 03 माह में अनुमोदित लागत से पूर्ण किया जायेगा। यदि स्वास्थ्य केन्द्र/उपकेन्द्र का निर्माण चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित मानक एवं क्षेत्रफल के अनुसार गुणवत्त के साथ पूर्ण किया जायेगा। निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 एवं कार्यदायी संस्था के निदेशक, के मध्य इस आशय का एम0ओ0यू0 (मेमोरेण्डम आफ अण्डर टेकिंग) भी हस्ताक्षरित किया जायेगा।

3 अवमुक्त धनराशि का व्यय योजना में अनुमोदित कार्य मदों पर योजना के मार्ग-निर्देशों तथा समय-समय पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों की अधीन किया जायेगा।

4 योजना की गाइड लाइन तथा शासन द्वारा समय-2 पर जारी दिशा-निर्देशों एवं सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए धनराशि का आहरण कार्य की वास्तविक आवश्यतानुसार होगा। निर्माण कार्य में पायी गयी किसी तरह की अनियमितता के लिए कार्यदायी संस्था, उससे सम्बन्धित अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

5 यथावश्यक उत्तर प्रदेश भण्डार क्रय नियमावली के प्राविधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। यदि कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 लखनऊ राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

6 निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित शिड्यूल रेट एवं विशिष्टयों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। प्राइमरी एवं अपर प्राइमरी स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा-कक्षों की डिजाइन वही होगी जो राज्य/केन्द्र सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित है।

7 अवमुक्त धनराशि के उपभोग में मितव्ययितापूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

8 अवमुक्त धनराशि के व्यय का जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी से हस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट, निर्माण कार्य के फोटोग्राफस की सूची की दो-02 प्रतियों में निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ को उपलब्ध करायी जायेंगी। निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण ,उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र एवं उक्त अन्य अभिलेख शासन को उपलब्ध कराये जायेंगे।

9 प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र के निर्माण का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था द्वारा उनके हस्तान्तरण की कार्यवाही जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा योजना से सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के माध्यम से की जायेगी।

10 इस योजनान्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि का 01 पृथक लेखा अनुदान ग्राही **(Grantee)** द्वारा मेन्टेन किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि पर यदि कार्यदायी संस्था द्वारा ब्याज अर्जित किया गया है तो उसकी वसूली नियमानुसार निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा की जायेगी।

11 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/उपकेन्द्र पर कायदयी संस्था द्वारा एक बोर्ड भी निर्मित किया जायेगा, जिस पर योजना की लागत, बजट का स्त्रोत, योजना के स्वीकृत होने की तिथि, भौतिक लक्ष्य प्राप्त करने की तिथि तथा कार्यदायी संस्था का नाम अंकित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

12 उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक **''4235-ससामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय-02-सामाज कल्याण-800-अन्य व्यय-01-केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें- 0106-अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टी सेक्टोरल डिस्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण (के0-85-रा0-15-के0+रा0) 24 –वृहद निर्माण कार्य''** के नामें डाला जायेगा।

13 यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पंजी संख्या-ई-11-1467(1) दस-13 दिनांक 2-12-13 में प्राप्त सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय

(कृष्ण मोहन त्रिवेदी)
संयुक्त सचिव।

संख्य: जी0आई0444 **(1)/बावन-1-2013तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्निलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
2. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलहाबाद।
3. बजट अधिकारी, वित्त विभाग उ0प्र0 शासन।
4. निदेशक, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, 11वाँ तल पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
5. प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को इस आशय से प्रेषित कि कृपया प्रश्नगत केनद्रों के निर्माण की गुणवत्ता अपने स्तर से भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
6. निदेशक, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, लखनऊ (सी0एण्ड0 डी0एस0) को आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत केन्द्रों का समयान्तर्गत, मानक एवं गुणवत्ता के साथ निर्माण पूर्व कराने का कष्ट करें।
7. जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, महराजगंज को इस आशय से प्रेषित कि कृपया निर्मित होने वाले स्वास्थ्य केन्द्र का गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने हेतु अपने स्तर से भी आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
8. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
10. वित्त-ई-11
11. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति की 03 प्रतियां।
12. निजी सचिव, मा0 मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज, उत्तर प्रदेश मा0 मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
13. निजी सचिव, सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

http:shasanadesh.up.nic.in

(कृष्ण मोहन त्रिवेदी)
संयुक्त सचिव ।

http:shasanadesh.up.nic.in